


नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 19 मई, 2026


### एक नजर में

## लक्ष्मीनारायण के जयघोष से गूंजी विद्याधाम की गौशाला



**इंदौर.** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के शुभारंभ प्रसंग पर यज्ञशाला एवं आश्रम परिसर भगवान लक्ष्मीनारायण तथा यज्ञ देवता के जयघोष से गूँज उठे. यह आयोजन 15 जून तक चलेगा. श्रीविद्याधाम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ सुबह आश्रम की यज्ञशाला में विद्वान आचार्यों की मौजूदगी में हुआ. महायज्ञ में तारादेवी गोपाल मालू, नितिन माहेश्वरी, नवीन तिवारी, गोपाल महाजन, पवन माहेश्वरी, मनीष शर्मा आदि शामिल हुए. महायज्ञ में प्रतिदिन 1100 आहुतियाँ समर्पित कर विश्व शांति, जन कल्याण एवं यज्ञ में भागीदार परिजनों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाएंगी. विद्याधाम पर 26 मई से 11 जून तक भागवत का मूल पारायण भी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा. इसी तरह गंगा दशहरा महोत्सव 17 से 25 मई तक प्रतिदिन सुबह 9 .30 से 12 बजे तक और दोपहर में 3 से 5 .30 बजे तक गंगाजी के दिव्य मंत्र से संपुटित श्री दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ मनाया जाएगा. आश्रम परिवार के पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में विद्याधाम पर 18 से 24 मई तक पं. कमलेश दीक्षित के श्रीमुख से गोवर्धन भक्त महिला मंडल के तत्वावधान में भागवत कथा एवं 25 से 31 मई तक आचार्य राहुल कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से श्रीराम कथा का आयोजन सोढानी परिवार की मेजबानी में होगा।

## भागवत के मूल पारायण का शुभारंभ



**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य मे रविवार को सुबह हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास के सान्निध्य में 108 विद्वानों ने भगवान रणछोड़जी एवं टीकमजी सहित सभी देवी–देवताओं की साक्षी में भागवत के मूल पारायण का शुभारंभ किया. इसके पूर्व मठ परिसर में यजमानों एवं संत–विद्वानों ने नंगे पैर भागवतजी को मस्तक पर धारण कर परिक्रमा भी की. भागवतजी के साथ भगवान पुरुषोत्तम एवं टीकमजी के जयघोष के बीच विद्वानों ने पहले मंडल स्थापना की, फिर मंडल पूजन एवं गणेश अम्बिका पूजन के पश्चात भागवत एवं रामायण के पारायण तथा ओम नमो भगवते वासुदेवाय महामंत्र का जाप भी प्रारम्भ हुआ. मठ परिवार के महंत पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में रविवार से पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा यह दिव्य अनुष्ठान किया जाएगा जो 15 जून तक चलेगा. शोभायात्रा में भक्त मंडल के हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. महंत अमितदास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन आरती एवं ब्राह्मण तथा संतों के लिए प्रसादी भी होगी. सभी कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं. मठ पर पुरुषोत्तम मास के दौरान भगवान के नौका विहार, फूलों की होली, संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ और अधिकमास की एकादशी पर विभिन्न विशेष उत्सव भी आयोजित होंगे। यह सम्पूर्ण आयोजन आश्रम स्थित गौशाला में पल रही गौमाता की साक्षी में होगा। मठ पर पूजा–अर्चना, दर्शन, गौसेवा, ब्राह्मण सेवा आदि के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## सामाजिक संसद का शपथ विधि समारोह




**इंदौर.** दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा द्वारा पहली साधारण सभा एवं शपथ विधि समारोह का आयोजन महावीर बाग पर रखा गया. इसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थिति दर्ज कराई. साधारण सभा मे 136 मंदिर के अध्यक्ष सचिव एवं समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. समारोह की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई, समारोह में समाज के कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे. समाजिक संसद की साधारण सभा कई सालों बाद हुई है. अध्यक्ष आनंद गोधा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि में इस कांटों के ताज को फुलो का ताज बनाउंगा. समाज को पांच झोन मे बाटा है और प्रत्येक में पांच झोन के अध्यक्ष बनाए हैं. पांचो अध्यक्षों के साथ महिला प्रकोष्ठ की साधना दगड़े, युवा प्रकोष्ठ के राहुल स्पोर्ट्स, मीडिया में प्रभारी प्रवीण जैन, प्रवक्ता रेखा जैन को बनाया और 50 से अधिक पदाधिकारियों को शपथ दिलाई. इस अवसर पर महापोर पुष्पमित्र भार्गव समाज के वरिष्ठ एमके जैन, नवीन गोधा, महामंत्री हर्ष जैन. कोषाध्यक्ष विजय पाटनी, पूर्व न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार जैन, अमित कासलीवाल, नरेन्द्र वेद, कैलाश वेद राजेश खाकरोट दिलीप पाटनी कमलेश कासलीवाल प्रिन्सपाल टोग्या अनूप गांधी बाहूबली जैन के साथ सभी समाज जन शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन संगीता विनायका ने किया.

## राष्ट्रीय तेजवीर सेना के देवराम जाट प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** राष्ट्रीय तेजवीर सेना संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन जाट के निर्देश एवं संगठन के संस्थापक दिलसुख चौधरी की सहमति से देवराम जाट जांगू को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन में उत्साह का माहौल है। प्रेम जाट एवं उमेश जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय देवराम जाट जांगू को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, जो सराहनीय निर्णय है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी साथियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा, ताकि पूरे प्रदेश में संगठन का नाम ऊंचा हो सके।

## निगम आयुक्त द्वारा इंदिरा नगर पानी टंकी का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** सभी पानी की टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने एवं वार्डों में पेयजल व्यवस्था प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार को इंदिरा नगर पानी की टंकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में निगम आयुक्त सुबह 6 बजे देवास गेट पानी की टंकी कंट्रोल रूम में पहुंचकर शहर की पेयजल व्यवस्था एवं सभी पानी की टंकी भरने की विस्तृत जानकारी लेकर इंदिरा नगर पानी टंकी पर पहुंचे। निगम आयुक्त ने सहायक यंत्री से संबंधित वार्डों में पेयजल स्थिति की जानकारी लेकर निर्देशित किया कि वार्डों में तय समय में पेयजल सप्लाय सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अभिषेक रोकड़े उपस्थित रहे।

# मीटिंग हॉल बनकर तैयार, यूडीए में बोर्ड बैठक का इंतजार


- नया प्रोजेक्टर लगाया, किफायती आवास पर होगा मंथन
- सिंहस्थ की योजनाओं पर होगा फोकस

नवभारत न्यूज
**उज्जैन. उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी की अध्यक्षता में शीघ्र ही पहली बोर्ड बैठक आयोजित होगी. मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी ने बैठक की तैयारियां शुरू कर दी हैं. मीटिंग की तिथि तय की जा रही है.**

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों, शहर के बुनियादी विकास, नई आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं तथा किफायती आवास परियोजनाओं पर भी बोर्ड मीटिंग मे विस्तृत चर्चा होगी.

**मीटिंग हाल में प्रोजेक्टर** – यूडीए मुख्यालय का लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण किया गया है. नए मीटिंग हॉल में बड़ी एलईडी स्क्रीन और प्रोजेक्टर लगाया गया हैं, जिनके माध्यम से प्राधिकरण के निर्माण कार्य, विकास योजनाएं और गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी. बैठक में अध्यक्ष और सीईओ के साथ कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त तथा संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित रहेंगे.

**एक दर्जन से अधिक बड़े प्रोजेक्ट**–यूडीए वर्तमान में सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए एक दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है. इनमें सड़कें, पुल, मंदिरों का कायाकल्प, यात्री सुविधाएं तथा नए आवासीय एवं व्यावसायिक प्रकल्प शामिल हैं. वर्ष 2028 में अनुमानित 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और साधु–संतों के



आगमन को देखते हुए शहर के सुनियोजित विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है.

**सस्ते मकान चुनौती**–बैठक का एक प्रमुख विषय आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्ग के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराना रहेगा. निर्माण सामग्री की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच कम लागत में मकान उपलब्ध कराने की रणनीति पर मंथन किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि यूडीए की स्थापना का मूल उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सस्ते आवास उपलब्ध कराना था.

**डॉ. यादव ने दिए थे सस्ते मकान** –जब डॉ. मोहन यादव यूडीए के अध्यक्ष थे, तब गरीबों को लगभग ढाई लाख रुपये में मकान उपलब्ध कराए गए थे. वर्तमान में वे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भली–भांति परिचित हैं. मुख्यमंत्री डॉ यादव के करीबी रवि सोलंकी के समक्ष अब वही चुनौती है कि अब वह सस्ती दरों में मकान किस तरह उपलब्ध कराएंगे.

**यूडीए के प्रमुख विकास कार्य**–उज्जैन विकास प्राधिकरण ने पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं विकसित की हैं। इनमें यूनिटी मॉल, महाकाल भक्त निवास (लगभग 6,000 कमरों की धर्मशाला), प्रतिकल्पा आवासीय–सह–व्यावसायिक परिसर, नेवध लोक, शिप्रा विहार होटल हब,बनाए. पूर्व मे महामृत्युंजय द्वार, माधव नगर अस्पताल भवन, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण कार्यालय, स्मार्ट सिटी कार्यालय तथा महाकाल क्षेत्र के अनेक विकास कार्य शामिल हैं.

> **एजेंडा पर होगी विस्तृत चर्चा**
>
> बोर्ड बैठक में तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक प्रस्तावों पर विचार कर आवश्यक अनुमोदन दिए जाएंगे. स्वीकृत योजनाओं के लिए कार्यादेश, टेंडर प्रक्रिया और क्रियान्वयन की दिशा तय की जाएगी. माना जा रहा है कि यह बैठक सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और शहर के दीर्घकालीन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगी.

# महिला थाना प्रभारी के बयान पर बवाल

- सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, पुलिस महानिदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन; उग्र आंदोलन की दी चेतावनी
- हिंदू संगठनों ने किया पुतला दहन, कार्रवाई की मांग

**उज्जैन। मंदसौर की महिला थाना प्रभारी रानी बेग द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में हिंदू संगठनों ने तराना के महिदपुर नाके पर जोरदार प्रदर्शन किया। मप्र युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी का पुतला दहन कर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारी के निलंबन या सेवा समाप्ति की सख्त कार्रवाई की मांग की है।**




यह प्रदर्शन मप्र युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम के नेतृत्व में किया गया। इसमें शामिल होने उज्जैन से भी सैकड़ों कार्यकर्ता तराना पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि महिला अधिकारी के बयान से हिंदू संगठनों की छवि को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस विभाग के कुछ वरिष्ठ अधिकारी संबंधित थाना प्रभारी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेकर कार्रवाई नहीं की गई तो नेशनल हाईवे जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। महिदपुर नाके पर हुए इस विरोध प्रदर्शन में संजय परमार, उदयसिंह गुर्जर, नागुलाल गुर्जर, राहुल गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, गोवर्धन कौशल और अनिल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्र में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।




## खाचरौद ब्लॉक में पीएम आवास योजना में अब तक 19316 परिवारों को मिला आवास योजना का लाभ

**खाचरौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है हर कच्ची झोपडी को पक्की छत में बदलना। इसी तारतम्य में वर्ष 2016–17 से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा शुरू हुई योजना ने देशभर में लाखों करोडों गरीब परिवारों को पक्की छत के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जीना सिखाया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मुख्य जोर हर योजना का लाभ गरीब, वंचित वर्ग तक पहुंचाने का रहा है। जिस कारण मप्र प्रधानमंत्री आवास योजना में अव्वल रहा। जिले की खाचरौद ब्लॉक में वर्ष 2016–17 तक कुल 19316 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभ प्रदाय किया गया है अर्थात 19316 परिवार अब कच्ची झोपडी के स्थान पर अब पक्की छत के नीचे निवास कर रहे हैं। गरीब हो या अमीर सभी का सपना होता है खुद का पक्का घर, प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना के माध्यम लाखों करोड़ों परिवारों के पक्के घर के सपने को पूरा किया है। जिले के खाचरौद ब्लॉक में जिले में सर्वाधिक आवास पूर्ण हुए हैं। वर्तमान में वर्ष 24–25 के 10689 आवासों के विरुध्द 7620 आवास पूर्ण करने के साथ ही खाचरौद ब्लॉक उज्जैन में सर्वाधिक आवास पूर्ण करने वाला ब्लॉक बन गया है।

## निगम आयुक्त ने किया वार्ड क्रमांक 7 एवं 26 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत उज्जैन शहर में सफाई व्यवस्था का कार्य नियमित रूप से जारी है। जहां कोई कमी परिलक्षित होती है निगम आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उसका समाधान करवाया जाता है। साथ ही आयुक्त द्वारा खुद भी वार्डों में सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त ने सोमवार को सफाई व्यवस्था निरीक्षण के क्रम में वार्ड क्रमांक 7 एवं वार्ड क्रमांक 26 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 7 में होटल के पास गंदगी एवं डिस्पोजल नाली में पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश जोनल अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को दिए। साथ ही गली में सीवर लाइन से कनेक्शन के बावजूद नाली में गंदा पानी मिलने पर लोगों से बात भी की एवं निर्देशित किया कि जिसके कनेक्शन सीवर लाइन से नहीं जुड़े है उन्हें तत्काल करवाएं एवं नाली के ऊपर अतिक्रमण हटाकर सफाई करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही नालियों के ऊपर अवैध अतिक्रमण नहीं हो ताकि सफाई कार्य करने में सफाई मित्रों को परेशानी ना हो प्रमुख चौराहे, गली मोहल्ले साफ एवं स्वच्छ रहे कही पर भी कचरे का ढेर नहीं दिखना चाहिए। कचरा गाड़ियों में कचरा सेग्रीगेशन ही लिया जाए इसके लिए गाड़ी पर कार्यरत हेल्पर एवं आईईसी टीम के सदस्य नागरिकों को जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, जोनल अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक अजय दावरे, मुकेश भाटी उपस्थित रहे।

# नौतपा 25 मई से रुद्र संवत्सर में दिखेगा गंगा का रौद्र रूप

- मालवा में झमाझम बारिश के योग, सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ 2 जून तक चलेगा तपन चक्र, रोहिणी का वाहन गज होने से कृषि के लिए सुभिक्ष वर्षा का अनुमान

**उज्जैन।** सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही 25 मई 2026 से नौतपा शुरू हो जाएगा, जो 2 जून 2026 तक चलेगा। इन नौ दिनों तक धरती पर गर्मी का प्रभाव चरम पर रहेगा जिसे तपन चक्र कहा जाता है। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार इस वर्ष नौतपा के तपन चक्र से देश सहित मालवा क्षेत्र में सुभिक्ष और संतुलित वर्षा के प्रबल योग बन रहे हैं। इस वर्ष रुद्र नाम संवत्सर है, जिसके प्रभाव से बारिश के मौसम में गंगा का रौद्र स्वरूप देखने को मिलेगा।

> **रोहिणी तपे, मृग बरसे**
>
> ग्रामीण परंपरा और लोककथा में कहावत है कि रोहिणी तपे, मृग बरसे। मान्यता है कि नौतपा जितना अधिक तपता है यानी गर्मी प्रबल रहती है, मानसून उतना ही बेहतर होता है। यदि नौतपा के दौरान बार–बार बादल छा जाएं या बारिश हो जाए, तो लोकविश्वास में इसे वर्षा चक्र के कमजोर होने का संकेत माना जाता है। पौराणिक कथाओं और कृषि लोकज्ञान के अनुसार सूर्य की तीव्र किरणों से धरती की नमी वाष्प बनकर ऊपर उठती है, जो बाद में बादल बनकर वर्षा का कारण बनती है। इसलिए नौतपा को प्रकृति का तपन–चक्र कहा गया है, जिसमें जितनी तपन होती है, उतनी ही जलवृष्टि की संभावना रहती है।

श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार इस बार रोहिणी नक्षत्र का वाहन गज है। पारंपरिक ज्योतिष में गज वाहन का सीधा संबंध सुभिक्ष वर्षा से होता है। इसका अर्थ है कि इस वर्ष बिखरी हुई लेकिन खेती के लिए अत्यंत उपयोगी, संतुलित और लाभकारी बारिश होगी। इसके साथ ही इस वर्ष आषाढ़ माह की शुरुआत बुधवार से हो रही है, जिसे कृषि के लिए हितकारी और संतुलित वर्षा का संकेत माना जाता है। वर्षा कारक ग्रहों की स्थिति के कारण ताप का प्रभाव तुलनात्मक रूप से कम रहने तथा बादल बनने के अनुकूल संकेत भी मिल रहे हैं।

> **22 जून से आधिकारिक वर्षा ऋतु**
>
> ज्योतिषीय दृष्टि से रोहिणी चंद्रमा का प्रिय नक्षत्र है। इसमें सूर्य का प्रवेश अग्नि तत्व को बढ़ा देता है। इसके परिणामस्वरूप गर्मी, शुष्कता, लू और जल की कमी जैसी स्थिति बनती है और शरीर में पित्त की वृद्धि अधिक होती है। इसके बाद जब सूर्य लगभग 22 जून को आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा, तब वर्षा ऋतु की आधिकारिक शुरुआत मानी जाएगी।

**एक नजर** | अमेरिका का पैकेज छोड़ इंदौर के पंडित करेंगे मार्गदर्शन

# दिगम्बर जैन समाज : बच्चों में संस्कार रोपने 2 जून से लगेगा शिविर

**उज्जैन। दिगम्बर जैन समाज के बच्चों और युवाओं में धार्मिक, सामाजिक एवं नैतिक संस्कार विकसित करने के लिए वर्धमान ग्रुप द्वारा 2 से 7 जून तक भव्य बाल एवं युवा संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन ऋषि नगर स्थित श्री आदिनाथ जिनालय और कालिदास मांटेसरी स्कूल में होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर आयोजित सभा में कार्यक्रम के बैनर का विमोचन किया गया।**




शिविर के निर्देशक इंदौर निवासी पं. प्रकाश छाबड़ा होंगे। अमेरिका का करोड़ों रुपये का पैकेज छोड़कर धर्म प्रभावना में सक्रिय पं. छाबड़ा आधुनिक स्मार्ट क्लास और प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करेंगे। इस वर्ष 700 से 800 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। शिविर में भाग प्रथम से लेकर छह ढाला तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

**नि:शुल्क आवागमन और स्वल्पाहार की रहेगी व्यवस्था**–वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष–तनु बड़जात्या ने बताया कि शिविर के आमंत्रणकर्ता समाजसेवी स्नेहलता–श्रवण कुमार सोगानी, हितेश–मनीषा जैन और अशोक–चेतन–अभिषेक राणा परिवार हैं। बच्चों को कार्यक्रम स्थल तक लाने–ले जाने एवं स्वल्पाहार की नि:शुल्क व्यवस्था ग्रुप द्वारा की जाएगी।

**सभी संगठनों को साथ लेकर चल रही तैयारियां**–चेयरमैन पंकज–रेणु जैन ने बताया कि शिविर के मुख्य प्रभारी प्रतीक–कल्पना चौधरी, अकलंक जैन, महावीर–सारिका जैन, धवल–आयुषी दोशी, सलिल–प्राची जैन, विवेक–वंदना जैन एवं अखिलेश–सोनल जैन रहेंगे। संरक्षक संजय–रेखा पांड्या, स्नेहलता सोगानी एवं जिनेंद्र जैन के अनुसार संपूर्ण समाज के इस आयोजन को भव्य रूप देने हेतु विभिन्न ट्रस्ट, सोशल ग्रुप, महिला मंडल एवं युवा संगठनों को साथ लेकर कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अतिथि भवन में बैठक आयोजित कर विभिन्न समितियों एवं संयोजकों की नियुक्ति की गई।

> **सभा में यह रहे उपस्थित**
>
> शुभारंभ मेघा बाकलीवाल, खुशी विनायका एवं ऋषिका बिलाला द्वारा मंगलाचरण से हुआ। बैठक में धर्मेन्द्र सेठी, राजेश कुंभराज, चेतन राणा, प्रसन्न बिलाला, एडवोकेट राहुल जैन, प्रदीप झांझरी, योगेन्द्र बड़जात्या और मधु कोठारी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। सभा का संचालन प्रतीक चौधरी ने किया तथा आभार वर्धमान ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष पंकज जैन ने व्यक्त किया।